निवास स्थान/व्यवसाय के स्थान में परिवर्तन

I परिवर्तन का आधार

यदि किसी मोटर वाहन का स्वामी उस स्थान को, जिसका पता वाहन के रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र में अभिलिखित है निवास करना छोड़ देता है तो उसे अपने पते के ऐसे किसी परिवर्तन की प्रविष्ठी रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र में करानी होती है।

II अवधि

परिवर्तन के 30 दिन के अन्दर

III प्रक्रिया

प्रपत्र संख्या 33 में आवेदन करना होगा जिसके साथ निम्न प्रपत्र संलग्न करने होगे :–

(i) रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र
(ii) केन्द्रीय मोटर वाहन नियम, 1989 के नियम 4 के अनुसार पते का प्रमाण पत्र
(iii) केन्द्रीय मोटर वाहन नियम, 1989 के नियम 81 के अनुसार निर्धारित फीसः– 20 रूपये मात्र

उपरोक्तानुसार प्राप्त आवेदन/परिवर्तन की सूचना के सत्यापन पश्चात् रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र में परिवर्तित पते का अंकन कर दिया जायेगा।

यदि उपर्युक्तानुसार प्रविष्ठी कम्प्यूट्रीकृत् स्मार्ट कार्ड पर जारी की जाती हैं तो निर्धारित फीस के साथ ही 200 रूपये अतिरिक्त फीस जमा करानी होगी।

प्ररूप संख्या 33 (नियम 59 देखिये)
रजिस्ट्रीकरण प्रमाण–पत्र तथा कार्यालय–अभिलेख में अभिलिखित करने के लिए पते के परिवर्तन की सूचना

(यदि मोटर यान किसी अवक्रय या पट्टे/आडमान/करार के अधीन धारित हो तो तीन प्रतियों में दिया जाएगा। दूसरी प्रति और तीसरी प्रति रजिस्ट्रीकर्ता प्राधिकारी के पृष्ठांकन के बाद रजिस्ट्रीकरण प्रमाण–पत्र और प्ररूप–24 में पते के परिवर्तन की प्रविष्टि करते ही साथ–साथ वितपोषक और उस रजिस्ट्रीकर्ता प्राधिकारी को भेजी जावेगी, जिसकी अधिकारिता में या को ले जाया गया है।)

सेवा में, रजिस्ट्रीकर्ता प्राधिकारी ....

मैं/हम .... जो .... का पुत्र/की पत्नी/की पुत्री .... (पूरा पता) ने .... (तारीख) से रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र में अभिलिखित पते पर निवास करना/कारबार का स्थान छोड़ दिया है। वर्तमान पता नीचे दिया गया है (प्रमाण पत्र संलग्न किया जाए)।

यान किसी अवक्रय, पट्टा या आडमान करार के अधनी धारित नहीं है। यान किसी अवक्रय/पट्टा/आडमान करार के अधीन धारित है।

रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र संलग्न है।

(वित्त–पोषक का नाम व पूरा पता दिया जाए)

मैं/हम अनुरोध करते है कि रजिस्ट्रीकरण में पते सम्बन्धी परिवर्तन को अभिलिखित कर लिया जाए।

*जो लागू न हो उसे काट दें।   यान रजिस्ट्रीकृत–स्वामी के हस्ताक्षर या अंगूठा छाप

मोटर यान करार के अधीन धारित होने की दशा में वित्तपोषक की सहमति

मैं/हम उपरोक्त यान के सम्बन्ध में अवक्रय/पट्टा/आडमान करार के पक्षकार के रूप में–

1. पते में उपरोक्त परिवर्तन, प्ररूप–23 व 24 में रजिस्ट्रीकर्ता प्राधिकारी द्वारा मेरे/हमारे पक्ष में करार की टिप्पण सहित, करने के लिए सहमति देता हूं/देते हैं।
2. पते में उपरोक्त परिवर्तन, प्ररूप–23 व 24 में रजिस्ट्रीकर्ता प्राधिकारी द्वारा मेरे/हमारे पक्ष में करार की टिप्पण सहित, करने के लिए सहमति देने से, निम्न कारणों से इन्कार करता हूं/करते हैं।

दिनांक ....   वित्तपोषक के हस्ताक्षर

कार्यालय पृष्ठांकन

संदर्भ संख्या .... कार्यालय ....

पते में उपरोक्त परिवर्तन रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र और प्ररूप–24 में, वित्तपोषक के पक्ष में अवक्रय/पट्टा/आडमान के करार की टिप्पणी सहित कर दिया गया है।

दिनांक............................ रजिस्ट्रीकर्ता प्राधिकारी के हस्ताक्षर

सेवा में, वित्तपोषक/रजिस्ट्रीकर्ता प्राधिकारी
(दोनों पक्षकारों को रजिस्ट्री डाक पावती से भेजा जावे)
रजिस्ट्रीकृत–स्वामी और वित्तपोषक के हस्ताक्षर या अंगुष्ठ चिन्ह के नमूने मूल आवेदन पर, प्ररूप–23 व 24 में रजिस्ट्रीकर्त्ता प्राधिकारी द्वारा कार्यालय की मोहर लगा कर सत्यापन करने के लिए प्राप्त किए जायेंगे, जो इस प्रकार किया जाएगा कि मोहर और सत्यापन का भाग प्रत्येक हस्ताक्षर पर पड़ेगा।

वित्तपोषक के नमूने के हस्ताक्षर	रजिस्ट्रीकृता प्राधिकारी के नमूने के हस्ताक्षर
1.	1. ....
2.	2. ....